पंजाब केसरी
20-11-2025

# जी.एम.एन. कॉलेज में हुआ सतत् खाद निर्माण एवं ठोस अपशिष्ट पृथकरण पर क्षमता विकास कार्यक्रम

अम्बाला, 19 नवम्बर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज में बुधवार को सतत् (सस्टेनेबल) खाद निर्माण एवं ठोस अपशिष्ट पृथकरण विषय पर क्षमता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एस.डी.जी. क्लब द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य कॉलेज परिसर में पर्यावरणीय जागरुकता बढ़ाना और सभी सदस्यों को जिम्मेदार पर्यावरणीय व्यवहार की ओर प्रेरित करना था।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता अम्बाला सदर नगरपरिषद में स्वच्छ भारत मिशन की समन्वयक डॉ. ऋतु शर्मा ने विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा गैर.शिक्षण कर्मचारियों को जैविक कचरे से पर्यावरण अनुकूल खाद बनाने, ठोस अपशिष्ट पृथकरण के व्यावहारिक तरीकों को समझने तथा स्वच्छ एवं सतत् कैम्पस बनाने के लिए जिम्मेदार कचरा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने अत्यंत प्रभावी प्रस्तुति देते हुए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के वैज्ञानिक और सामुदायिक तरीकों पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने हरियाणा शेखर स्वच्छ अभियान की प्रमुख पहलों का उल्लेख करते हुए सभी को स्वच्छता प्रयासों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित्त किया। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक संस्थान समाज में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की संस्कृति विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कॉलेज की प्राचार्या ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में पर्यावरणीय जिम्मेदारी और सतत् विकास के प्रति जागरुकता को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक स्वच्छ, हरित तथा सतत् कैम्पस निर्माण के लिए अपना योगदान देने का संकल्प लिया।



जी.एम.एन. कॉलेज में सतत् खाद निर्माण एवं ठोस अपशिष्ट पृथकरण विषय पर आयोजित क्षमता विकास कार्यक्रम में भाग लेतीं विशेषज्ञ। (चंदमोहन)